Ministry of Housing and Urban Affairs
Government of India

Azadi Ka Amrit Mahotsav

LiFE
Lifestyle for Environment

# स्वच्छ वार्ता

## पर्यावरण दिवस विशेष संस्करण



## स्वच्छ भारत मिशन–शहरी 2.0

न्यूजलेटर



# रिड्यूस
# रीयूज
# रीसाइकल



"जलवायु के संदर्भ में यह एक-शब्द एक-विश्व का मूल आधार बन सकता है। यह एक शब्द है- LiFE यानी पर्यावरण के लिए लाइफस्टाइल। लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट (LiFE) को एक अभियान के रूप में आगे बढ़ाने के लिए आज हम सभी को एक साथ आने और सामूहिक भागीदारी के साथ आगे आने की जरूरत है। यह पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवन शैली का एक जन आंदोलन बन सकता है।"

–प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, कॉप 26 में

SWACHH VAARTA
NEWSLETTER
पर्यावरण विशेष संस्करण | जून 2023




केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के विशाल अभियान 'मेरी LiFE, मेरा स्वच्छ शहर' का शुभारंभ मंत्रालय सचिव मनोज जोशी की उपस्थिति में किया, ताकि वेस्ट मैनेजमेंट के 3R **रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकल** को बेहतर तरीके से लागू किया जा सके।







माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का मिशन LiFE (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट) उसके प्रति व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है। मिशन LiFE का उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण करना है। साथ ही इस दिशा में एक प्रो-प्लैनेट व्यवहार परिवर्तन लाना है, जिसे दैनिक जीवन में व्यक्तिगत प्रयासों के माध्यम से शामिल किया जा सकता है।

अभियान का उद्देश्य शहरों में ऐसे RRR केंद्र बनाना है, जहां नागरिक अपने अप्रयुक्त या उपयोग की गई प्लास्टिक की वस्तुओं, पुराने कपड़े, जूते, चप्पलें, किताबें, और खिलौनों को नया स्वरूप देने या रीसाइकल करने के लिए जमा कर सकते हैं। तीन सप्ताह के इस अभियान ने एसबीएम-यू 2.0 के अंतर्गत नागरिकों के रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकल करने संबंधी संकल्प को मजबूत किया, साथ ही इन आदतों को स्थायी और दैनिक रूप से अपनाकर पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से काम करने के मिशन LiFE के उद्देश्य को बढ़ावा दिया गया।

# RRR CENTRE

Reduce. Reuse. Recycle

**A Swachh Bharat Mission - Urban 2.0 Initiative**

RRR केंद्र नागरिकों, संस्थानों, वाणिज्यिक उद्यमों आदि के लिए अप्रयुक्त या उपयोग की गई प्लास्टिक की वस्तुओं, कपड़े, जूते, चप्पलें, किताबें और खिलौने जमा करने का वन-स्टॉप सॉल्यूशन है। कलेक्शन के बाद, इन वस्तुओं को विभिन्न हितधारकों को पुनः उपयोग के लिए नवीनीकृत करने या नए उत्पादों में बदलने के लिए दिया जा रहा है, इस प्रकार सर्कुलर अर्थव्यवस्था के विजन को सही मायने में आगे बढ़ाया जा रहा है।


























SWACHH VAARTA
NEWSLETTER
Ministry of Housing and Urban Affairs
Government of India

# पीएम ने पहनी रीसाइकल मैटेरियल से बनी जैकेट

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 मई 2023 को जापान के हिरोशिमा में जी–7 शिखर सम्मेलन के दौरान रीसाइकल मैटेरियल का इस्तेमाल कर तैयार की गई जैकेट पहनकर दुनिया को अहम और प्रेरक संदेश दिया।









# पृथ्वी दिवस

## 22 अप्रैल 2023






चंडीगढ़ के सेंट जोसेफ स्कूल के छात्रों ने प्लॉगिंग (प्लास्टिक चुनने की) गतिविधियों में भाग लेकर पृथ्वी दिवस मनाया।







पंजाब में शहरी स्थानीय निकायों ने पृथ्वी दिवस पर गीले कचरे से बनी खाद वितरित की।





पर्यावरण पर प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाते हुए, कोयम्बटूर ने पृथ्वी दिवस पर सिंगल यूज प्लास्टिक की बोतलों से पानी की लहरों के समान दृश्य दर्शाने वाली एक बेहद आकर्षक कलाकृति स्थापित की।



# साझेदारी



कार्बन न्यूट्रल और नेचर पॉजिटिव सिटीज को डिजाइन करने के विषय पर चर्चा के लिए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) के साथ साझेदारी में 13 अप्रैल 2023 को UNIDO की परियोजना संचालन सलाहकार समिति की 7वीं बैठक आयोजित की गई।



आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने स्वच्छता के लिए RITES को तकनीकी सहायता एजेंसी के रूप में नियुक्त किया। 1 मई 2023 को मंत्रालय सचिव श्री मनोज जोशी, संयुक्त सचिव श्रीमती रूपा मिश्रा और RITES के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

# मन की बात 100वां एपिसोड

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 30 अप्रैल 2023 को मन की बात के ऐतिहासिक 100वें एपिसोड में देश को संबोधित किया। पीएम ने उन लोगों की प्रेरक कहानियों का भी उल्लेख किया, जिनके द्वारा स्वच्छता के लिए किए गए अथक प्रयास शहरी परिदृश्य को बदल रहे हैं।





















# मन की बात वॉरियर्स



## MANN KI BAAT

"The youth in Bhiwani formed Yuva Swachhta Evam Janseva Samiti. The committee members reach Bhiwani at 4 in the morning and run cleanliness drives at different places in the city. They have cleared tons of garbage from different areas of the city."

98th Episode | 26th Feb, 2023 -PM MODI

Tweet

**Narendra Modi** @narendramodi

When it comes to fulfilling Mahatma Gandhi's dream of a Swachh Bharat, the people of India have done exceptional work. One such effort is by Pradeep Sangwan Ji, who talks about his work which furthers cleanliness and encourages tourism. #MannKiBaat100






## मन की बात

"ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले की एक बहन कमला मोहराना एक स्वयं सहायता समूह चलाती हैं। इस समूह की महिलाएं दूध की थैली और दूसरी प्लास्टिक पैकिंग से टोकरी और मोबाइल स्टैंड जैसी कई चीजें बनाती हैं। ये इनके लिए स्वच्छता के साथ ही आमदनी का भी एक अच्छा जरिया बन रहा है।"

98th वां एपिसोड | 26th Feb, 2023 –पीएम मोदी

**Narendra Modi** @narendramodi

The strength of our Nari Shakti and a commitment to furthering a spirit of 'Vocal for Local' can take India to new heights. You will feel happy to know about strong determination of Bijay Shanti Ji from Manipur. #MannKiBaat100






## MANN KI BAAT

"देवभूमि उत्तराखंड में असंख्य लोग स्वच्छता और सेवा की साधना में लीन हैं। बीते 25 सालों में, रुद्रप्रयाग के श्रीमान मनोज बैंजवाल ने पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली हुई है। स्वच्छता अभियान चलाने के अलावा, वे धर्मस्थलों को प्लास्टिक–मुक्त बनाने की दिशा में भी कार्यरत हैं। गुप्तकाशी के सुरेंद्र बागवाड़ी जी ने स्वच्छता को अपना जीवन मंत्र बना लिया है। गुप्तकाशी में, वे निरंतर स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन करते रहते हैं और मुझे बताया गया है कि उन्होंने भी अपने अभियान को 'मन की बात' नाम दिया है।"

89th Episode | 29th May, 2022 -PM MODI

# राज्य स्तरीय बैठक

## गंगा टाउन्स




16 मई 2023 को संयुक्त सचिव एवं राष्ट्रीय मिशन निदेशक श्रीमती रूपा मिश्रा की अध्यक्षता में बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और झारखंड में स्थित 96 गंगा टाउन्स की प्रगति पर केंद्रित बैठक हुई।

## बायोमिथेनेशन प्लांट्स




विभिन्न शहरों में 51 नए म्यूनिसिपल वेट वेस्ट प्लांट्स की फास्ट ट्रैक आधार पर स्थापना के लिए 18 मई 2023 को राज्यों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। वर्तमान में भारत में 17 ऑपरेशनल प्लांट्स हैं।

# Swachh Talks Webinar Series #6

# Clean Cities for Clean Rivers

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) ने 26 मई 2023 को 'क्लीन सिटीज फॉर क्लीन रिवर्स' विषय पर 'स्वच्छ टॉक' वेबिनार का आयोजन किया, जिसमें सिटी प्लानिंग में नदियों को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया गया। वेबिनार में हिमालयी राज्यों की चुनौतियों, कानपुर टेनेरी क्लस्टर में 3R अभ्यास, स्वच्छ शहर और नदियों के लिए सामुदायिक जुड़ाव, जैसे विषयों पर चर्चा हुई और नदी किनारे बसे शहरों द्वारा जानकारियां साझा की गईं।









# फील्ड विजिट






टीम स्वच्छ ने 24 अप्रैल 2023 को उत्तराखंड में हरिद्वार के एमआरएफ केंद्र का दौरा कर वेस्ट मैनेजमेंट प्रक्रिया, नए प्रोजेक्ट्स और एक मजबूत प्रणाली के लिए योजना की समीक्षा की।





देवभूमि में 26 अप्रैल 2023 को एक साइट विजिट के दौरान आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती रूपा मिश्रा ने टीम के साथ कार्य योजना पर चर्चा की।

# फील्ड विजिट






आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती रूपा मिश्रा ने 5 मई 2023 को तिरुवनंतपुरम के प्लास्टिक श्रेडिंग यूनिट का दौरा किया और हरित कर्म सेना कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की। यह केरल में 25,000+ महिला एसएचजी सदस्यों की एक टीम है, जो डोर टू डोर कचरा एकत्र करती है।





5 मई 2023 को अपनी यात्रा के दौरान आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती रूपा मिश्रा ने त्रिवेंद्रम में सभी अपशिष्ट प्रबंधन साइटों का निरीक्षण किया।





आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की स्वच्छता टीम ने 7 मई 2023 को केरल के कोच्चि में ब्रह्मपुरम लेगेसी वेस्ट डंप साइट का दौरा किया।

# फील्ड विजिट





13 मई 2023 को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) की संयुक्त सचिव श्रीमति रूपा मिश्रा ने भुवनेश्वर के बासुआघाई स्थित एफएसटीपी प्लांट पर पूरे संचालन के निरीक्षण के लिए दौरा किया।






आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की टीम स्वच्छ ने RRR केंद्र, एमआरएफ इकाइयों और खाद इकाइयों समेत स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत पंजाब के कुराली और खन्ना में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट्स में प्रगतिशील कार्य का मूल्यांकन किया।






25 मई 2023 को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती रूपा मिश्रा ने वाराणसी में 600 टीपीडी मैटेरियल हैंडलिंग क्षमता वाले निर्माणाधीन एनटीपीसी प्लांट का दौरा किया। यह वेस्ट को ग्रीन चारकोल में बदलने वाला भारत का सबसे बड़ा प्लांट है।

# स्वच्छता के लिए मैदान में उतरे शहर

**ग्रीन जोन में परिवर्तित किए गए कचरे के ढेर**





उत्तर प्रदेश में बरौत नगर पालिका परिषद ने 33,600 मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट को खत्म कर कचरे के ढेर को ग्रीन जोन में परिवर्तित किया।

**बैकलेन का कायाकल्प**






आगरा ने अपनी पहली बैकलेन को साफ करने और उसे सुंदर बनाने की चुनौती पूरी की और उस जगह को बच्चों के खेलने के लिए एक खुशनुमा जगह में बदल दिया।

**कचरे के ढेर का उपचार**





आंध्र प्रदेश ने पूरे राज्य में मौजूद कचरे के ढेरों का सही उपचार करने का बीड़ा उठाया। गुंटूर के रेपल्ले में कचरे के ढेर का उपचार पहले ही शुरू हो चुका है।

# स्वच्छता के लिए मैदान में उतरे शहर

## डल झील में कचरे का संग्रह





स्वच्छ डल झील! श्रीनगर नगर निगम ने डल झील के हाउसबोट्स और घरों से 2 टन प्रतिदिन 100% सेग्रीगेटेड म्यूनिसिपल वेस्ट एकत्र किया। झील से बोट के माध्यम से कचरा इकट्ठा किया जाता है।

## शौचालयों का कायाकल्प अभियान







उत्तर प्रदेश सरकार ने लोगों के बीच स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे राज्य में 'शौचालयों का कायाकल्प' अभियान शुरू किया। सामुदायिक शौचालय/सार्वजनिक शौचालय और पिंक टॉयलेट समेत 75,000 टॉयलेट सीटों का 24 मार्च से 30 मार्च 2023 तक एक हफ्ते के भीतर कायाकल्प किया गया।

## वेस्ट टू वंडर






पीरजादिगुड़ा ने पूरे शहर में वेस्ट से बनी विभिन्न कलाकृतियां स्थापित कीं।

# जन आंदोलन

जी20 मेगा बीच क्लीनअप ड्राइव






21 मई 2023 को मुंबई के जुहू बीच पर आयोजित जी20 मेगा बीच क्लीनअप कैंपेन में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव। इस कार्यक्रम में सभी जी20 देशों और पूरे भारत के 37 स्थानों से भागीदारी देखी गई।

सिंगल यूज प्लास्टिक की फेयरवेल पार्टी






इंदौर ने 21 मई 2023 को सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए मजेदार फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। स्थानीय स्नैक पोहा का आनंद लेते हुए नागरिकों ने जीवंत जुम्बा परफॉर्मेंस और अन्य खेल गतिविधियों में भाग लिया।

सफाई मित्रों का बैडमिंटन मैच




1 मई 2023 को मजदूर दिवस के अवसर पर चंडीगढ़ नगर निगम द्वारा आयोजित बैडमिंटन मैच का आनंद लेते सफाई मित्र।

# जन आंदोलन

**जबलपुर स्वच्छता रन**







जबलपुर ने 'स्वच्छता रन' का आयोजन किया, जिसमें स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने की भावना के साथ 20,000 लोगों ने भाग लिया।

**पटना में प्लॉग रन**






पटना को कचरा मुक्त शहर बनाने के लिए पटना नगर निगम की टीम ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) समूह के साथ गांधी मैदान में 'प्लॉग रन' का आयोजन किया।

**केदारनाथ में प्लास्टिक लौटाने की व्यवस्था**










यात्रा के दौरान प्लास्टिक कचरे को खत्म करने के उद्देश्य से स्टार्ट-अप रीसाइकल के सहयोग से केदारनाथ जिले ने प्लास्टिक डिपॉजिट रिफंड सिस्टम की शुरुआत की। इस पहल के तहत यात्रा के लिए प्लास्टिक की बोतलें खरीदने वाले तीर्थयात्रियों को 10 रुपये अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता है। अपनी यात्रा पूरी करने पर वे खाली बोतलें वापस कर सकते हैं और भुगतान की गई राशि का रिफंड प्राप्त कर सकते हैं। केदारनाथ को स्वच्छ रखने की एक शानदार पहल!

# सोशल मीडिया ट्रेंड्स

## facebook

**Swachh Bharat Mission - Urban**
May 21

The team from #Gorakhpur, #UttarPradesh are putting their best efforts in spreading the message of Meri LiFE Mera Swachh Shehar, have ... See more



**Swachh Bharat Mission - Urban**
1d

Beautiful Back lanes of #Indore!
The Creatively designed back lanes by team Indore Municipal Corporation are incorporated ... See more



**Swachh Bharat Mission - Urban**
Apr 11

"Get ready for a mega cleanup event!

MCD Central Zone, in association with NMCG, DDSIL, RWAs of Madanpur Khadar, YSS Foundation & SKs, presents the #YamunaPlogging & #CleanlinessDrive at #KalindiKunjGhat! Join us as we make a positive impact on our river and community!



## twitter

**Swachh Bharat Urban**
@SwachhBharatGov

A TULIP rally!
Swachh TULIP interns from #Ratlam are marching and performing Nukkad Natak to spread awareness regarding source segregation, twin bin, and the #RRRCentre.
The march covered around 10 kms of distance!



**Swachh Bharat Urban**
@SwachhBharatGov

From creative RRR Centre posters to eco-friendly, plastic-free setups, from planning mega collection drives to making waste to wonder artifacts, cities have ramped up their #RRR4Life initiatives under Meri LiFE, Mera Swachh Shehar campaign!

#IndiaVsGarbage #ChooseLiFE



**Swachh Bharat Urban**
@SwachhBharatGov

Huge appreciation to Team #SaveGhaggar!

Taking action to save the dying Ghaggar river in the Tricity with an awareness campaign involving residents, especially children.

Let's support this great cause & volunteer to protect our precious river!

#IndiaVsGarbage



## Instagram

**sbmurbangov**




7 likes
**sbmurbangov** Look at the commendable transformation of Madurai Road, Ramakrishna Theater Bridge in Tamil Nadu.

The ULB evolved the beauty of the place by facilitating intensive cleaning and work of art across the region.

**sbmurbangov**



19 likes
**sbmurbangov** "Get ready for a mega cleanup event!

MCD Central Zone, in association with NMCG, DDSIL, RWAs of Madanpur Khadar, YSS Foundation & SKs, presents the #YamunaPlogging & #CleanlinessDrive at #KalindiKunjGhat! Join us as we make a positive impact on our river and community!

**sbmurbangov**



43 likes
**sbmurbangov** Excitement for RRR Centres is gaining ground! Catch glimpses of the newly opened RRR Centres in Agra, Rewa, and Bhubaneshwar

Have you located your nearest RRR Centre yet?

# RRR 4 LiFE



## स्वच्छ भारत मिशन पर ज्यादा जानकारी के लिए

**हमें फॉलो करें**

Swachh Bharat Mission – Urban

sbmurbangov

@SwachhBharatGov

Swachh Bharat Urban

swachh-bharat-urban